TEACHERS OF BIHAR

# दैनिक ज्ञानकोश

सीखें-सिखाएं, बिहार को आगे बढ़ायें




teachersofbihar@gmail.com

https://twitter.com/teachersofbihar

https://www.youtube.com/c/teachersofbihar

https://www.facebook.com/teachersofbihar

https://www.linkedin.com/company/teachersofbihar

www.teachersofbihar.org

विजयोत्सव विशेष

23 अप्रैल 2026

# Teachers of Bihar

The Change Makers

## आज का सुविचार

कायरता से जीना मृत्यु के समान है जबकि देश के लिए लड़ते हुए मरना अमरता है।

बाबू वीर कुंवर सिंह



राकेश कुमार

www.teachersofbihar.org

**मधु प्रिया**


## विश्व पुस्तक एवं कॉपीराइट दिवस 23 अप्रैल




विश्व पुस्तक एवं कॉपीराइट दिवस (World Book and Copyright Day) प्रत्येक वर्ष '23 अप्रैल' को मनाया जाता है। इसे 'विश्व पुस्तक दिवस' भी कहा जाता है। इंसान के बचपन से स्कूल से आरंभ हुई पढ़ाई जीवन के अंत तक चलती है। लेकिन अब कम्प्यूटर और इंटरनेट के प्रति बढ़ती दिलचस्पी के कारण पुस्तकों से लोगों की दूरी बढ़ती जा रही है। आज के युग में लोग नेट में फंसते जा रहे हैं। यही कारण है कि लोगों और किताबों के बीच की दूरी को पाटने के लिए यूनेस्को ने '23 अप्रैल' को 'विश्व पुस्तक दिवस' के रूप में मनाने का निर्णय लिया। यूनेस्को के निर्णय के बाद से पूरे विश्व में इस दिन 'विश्व पुस्तक दिवस' मनाया जाता है।उच्च उद्देशीय अंतरराष्ट्रीय सहयोग तथा विकास की भावना से प्रेरित 193 सदस्य देश तथा 6 सहयोगी सदस्यों की संस्था यूनेस्को द्वारा विश्व पुस्तक तथा स्वामित्व (कॉपीराइट) दिवस का औपचारिक शुभारंभ 23 अप्रैल 1995 को हुआ था। इसकी नींव तो 1923 में स्पेन में पुस्तक विक्रेताओं द्वारा प्रसिद्ध लेखक मीगुयेल डी सरवेन्टीस को सम्मानित करने हेतु आयोजन के समय ही रख दी गई थी। उनका देहांत भी 23 अप्रैल को ही हुआ था। मध्यकाल में 23 अप्रैल के दिन प्रेमी अपनी प्रेमिका को गुलाब का फूल भेंट करता था तो प्रेमिका उत्तर में अपने प्रेमी को एक पुस्तक देती थी। ऐसी एक फूल के बदले पुस्तक देने की परंपरा भी उस समय प्रचलित थी। 23 अप्रैल का दिन साहित्यिक क्षेत्र में अत्यधिक महत्वपूर्ण है चूँकि यह तिथि साहित्य के क्षेत्र से जुड़ी अनेक विभूतियों का जन्म या निधन का दिन है।उदाहरणार्थ 1616 में 23 अप्रैल को सरवेन्टीस, शेक्सपीयर तथा गारसिलआसो डी लाव्हेगा, मारिसे ड्रयन, के. लक्तनेस, ब्लेडीमीर नोबोकोव्ह, जोसेफ प्ला तथा मैन्युएल सेजीया के जन्म/ निधन के दिन के रूप में जाना जाता है। विलियम शेक्सपीयर के तो जन्म तथा निधन की तिथि भी 23 अप्रैल थी। अतः विश्व पुस्तक तथा कॉपीराइट दिवस का आयोजन करने हेतु 23 अप्रैल का चयन एक निश्चित विचारधारा के अंतर्गत किया गया।

# वीर कुंवर सिंह जयंती

# विजयोत्सव

## २३ अप्रैल



## एक प्रेरणा, एक महानायक

- १८५७ के प्रथम स्वतंत्रता संग्राम के महानायक
- ८० वर्ष की आयु में अदम्य साहस और वीरता
- जगदीशपुर के बाबू कुंवर सिंह को सादर नमन

**उनकी वीरता और बलिदान को हम सब मिलकर याद करें!**

**आप सभी को वीर कुंवर सिंह जयंती की हार्दिक शुभकामनाएँ**

www.teachersofbihar.org राकेश कुमार

# मुंबई इंडियंस के लिए IPL में सबसे तेज शतक

| बॉल | बैटर्स | Vs | मैदान | साल |
|---|---|---|---|---|
| 45 | सनथ जयसूर्या | CSK | वानखेड़े | 2008 |
| 45 | तिलक वर्मा | GT | अहमदाबाद | 2026 |
| 47 | कैमरन ग्रीन | SRH | वानखेड़े | 2023 |
| 49 | सूर्यकुमार यादव | GT | वानखेड़े | 2023 |

# IPL में मुंबई इंडियंस की सबसे बड़ी जीत

| बचे हुए रन | Vs | साल |
|---|---|---|
| 146 रन | दिल्ली डेयरडेविल्स | 2017 |
| 102 रन | कोलकाता नाइट राइडर्स | 2018 |
| 100 रन | राजस्थान रॉयल्स | 2025 |
| 99 रन | गुजरात टाइटंस | 2026 |
| 98 रन | दिल्ली डेयरडेविल्स | 2010 |
| 92 रन | कोलकाता नाइट राइडर्स | 2009 |

Teachers of Bihar
The Change Makers

# शिक्षा शब्दकोश

आज का शब्द 23.04.2026

## शिक्षा में प्रोटोटाइप

शिक्षा में प्रोटोटाइप का अर्थ एक ऐसी शिक्षण पद्धति या प्रक्रिया से है जहाँ छात्र किसी समस्या का समाधान खोजने के लिए एक प्रारंभिक मॉडल या नमूना **(Prototype)** तैयार करते हैं। यह 'करके सीखने' **(Learning by doing)** के दृष्टिकोण पर आधारित है, जिससे छात्रों में तार्किक सोच और समस्या-समाधान कौशल का विकास होता है।

# रोचक तथ्य/सामान्य ज्ञान




**मिस इंडिया 2026** खिताब गोवा की साध्वी सैल ने अपने नाम किया है। इस प्रतियोगिता में **राजनंदिनी** मिस इंडिया 2026 की फर्स्ट रनरअप और **अद्वैता** सेकंड रनरअप बनी।


TEACHERS OF BIHAR
THE CHANGE MAKERS
23 अप्रैल
आप सभी को मोक्षदायिनी मां गंगा के अवतरण दिवस
गंगा सप्तमी
की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं!
Madhu Priya
www.teachersofbihar.org

महान कवियत्री, अध्येता,
भारतीय महिलाओं के उत्थान
की प्रबल समर्थक


# पडिता रामाबाई

23 अप्रैल 1858- 5 अप्रैल 1922



www.teachersofbihar.org

Madhu priya




पुस्तकें ज्ञान का महत्वपूर्ण स्त्रोत हैं, जो हमारे ज्ञान में वृद्धि और मार्गदर्शन में सहायक होती है।

# विश्व पुस्तक एवं कापीराइट दिवस

की हार्दिक शुभकामनाएं।

www.teachersofbihar.org

मधु प्रिया


प्रकृति प्रहरी
Let's Green Bihar
पर्यावरण संरक्षण और हरित जीवनशैली
की ओर अग्रसर
ई-पत्रिका
विमोचन
TEACHERS OF BIHAR
THE CHANGE MAKERS
LIVE
विमोचन समारोह
दिनांक
22 अप्रैल 2026
समय
रात्रि 8 बजे
विशिष्ट अतिथि
अहसन
क्षेत्रीय उप शिक्षा निदेशक(R.D.D.E.)
भागलपुर प्रमंडल
डॉ रश्मि प्रभा
पूर्व संयुक्त निदेशक एवं शिक्षाविद्
SCERT पटना
महताब रहमानी
राज्य कार्यक्रम पदाधिकारी
बिहार शिक्षा परियोजना परिषद
श्री सुजीत कुमार दास
जिला कार्यक्रम पदाधिकारी (SSA &EE)
बिहार शिक्षा परियोजना मुजफ्फरपुर
LIVE
STREAMING
www.facebook.com/teachersofbihar
SCAN ME
www.teachersofbihar.org
LIVE
STREAMING
www.facebook.com/teachersofbihar




खंड :1 अंक :1 www.teachersofbihar.org/prakritiprahari